# चित्रकूट पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2).

प्रेस नोटः- चित्रकूट पुलिस

रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व

दिनांक 04.09.2026 की रात्रि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट एवं थाना कोतवाली कर्वी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग, जिला जज श्री शेषमणि शुक्ला, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पूरे पुलिस लाइन्स परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा जी की मनमोहक झांकियां सजाई गईं, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन्स में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक पोशाक धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति संगीत एवं धार्मिक गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।

इसके पश्चात मथुरा से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं लीलाओं पर आधारित भजन, नृत्य एवं रासलीला का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया तथा सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

इसी क्रम में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने राधा-कृष्ण सहित विभिन्न धार्मिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उपस्थित अतिथियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित मंदिर में विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन एवं आरती की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा तथा श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए गए।

इस अवसर पर थाना कोतवाली कर्वी की कीर्तन पार्टी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के भक्तिमय गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण, पुलिसकर्मी एवं उनके परिजन भक्तिरस में डूब गए। कीर्तन एवं भजनों से पूरा पुलिस लाइन्स परिसर श्रीकृष्णमय हो उठा।

कार्यक्रम में माननीय मऊ-मानिकपुर विधायक श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरेन्द्र गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री महेन्द्र कोटार्य, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव, सम्मानित पत्रकार बन्धु, पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति सपरिवार उपस्थित रहे तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लिया।

इसी क्रम में जनपद चित्रकूट के समस्त थानों एवं चौकियों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सभी थाना/चौकी परिसरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिजनों द्वारा पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में सहभागिता की गई।